पत्रिका

# Jaipur: जयपुर में ए श्रेणी की नाकाबंदी, 540 किलो नकली पनीर पकड़ा, मेवात से हो रहा था सप्लाई



पुलिस मुख्यालय के आदेश पर जमवारामगढ़ थाना पुलिस की ओर से करायी 'ए' श्रेणी की नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने अलवर से जयपुर सप्लाई होने जा रहे नकली पनीर की बड़ी खेप पकड़ी व दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि 15 व 16 जुलाई को पुलिस मुख्यालय के आदेश पर ए श्रेणी की नाकाबंदी थाना मोड़ पर थानाधिकारी रामपाल शर्मा की अगुवाई में की गई।

पिकअप में मिला पनीर

इस दौरान थाना पुलिस ने जयपुर की तरफ जा रही पिकअप को रुकवाया तथा तलाशी ली। पिकअप में 12 बक्सों में पनीर भरा हुआ था। थाना पुलिस ने संदेश होने पर पिकअप सवार दो जनों को डिटेन कर लिया तथा खाद्य सुरक्षा विभाग जयपुर की टीम को जांच के लिए बुलवाया। फूड इंस्पेक्टर लोकेश शर्मा व विशाल मित्तल ने टीम के साथ पनीर की जांच की तो सारा पनीर मिलावटी निकला। बारह बक्सों में 540 किलो पनीर था।

Source: https://www.patrika.com/jaipur-news/540-kg-fake-paneer-seized-in-jaipur-19782631